Fax : 2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

पत्रांकः सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सा.प्रशा. / 558 / 2017 दिनांकः 07 / 10 / 2017

सूचना

कु०/श्रीमती/श्री ....
....
....

विषयः दिनांकः 17 अक्टूबर, 2017, को सम्पन्न होने वाले 32वें दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का वर्ष–2017 का 32वां दीक्षान्त समारोह दिनांकः 17 अक्टूबर, 2017 दिन मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसमें आपको उत्तीर्ण परीक्षा–2017 की उपाधि प्रदान की जायेगी ।

दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होकर उपाधि प्राप्त करने का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

1. दीक्षान्त समारोह के दिन प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक अपने सम्बन्धित शैक्षिक विभाग से सम्बन्धित अभ्यर्थी को ही उपाधि प्रदान की जायेगी । उपाधि प्राप्ति हेतु अभ्यर्थी को स्वयं (उपाधि हेतु अनुज्ञा–पत्र के साथ) उपस्थित होना आवश्यक है ।
2. उपाधि–पत्र प्राप्त करने हेतु संलग्न अनुज्ञा–पत्र निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी को अपनी प्रमाणिकता हेतु अपने हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / जिला विद्यालय निरीक्षक / प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अथवा इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या से प्रमाणित कराना आवश्यक होगा। हस्ताक्षर प्रमाणित न होने पर उपाधि प्रदान किया जाना सम्भव न होगा ।
3. दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से 16 अक्टूबर, 2017 तक कार्यालय अवधि में निर्धारित शुल्क रु0 200/– उत्तरीय प्रतिभूति राशि के रूप में विश्वविद्यालय के लेखा काउण्टर पर जमा करके सम्बन्धित शैक्षिक विभाग से उत्तरीय एवं आवश्यक प्रपत्र प्राप्त करना होगा।
4. दीक्षान्त समारोह के पश्चात् अगले दिन से दो सप्ताह के अन्दर (शुल्क प्राप्ति रसीद के साथ) उत्तरीय वापस करके शेष धनराशि रु0 150/– लेखा विभाग से प्राप्त कर लेना होगा । उत्तरीय वापस न करने पर सम्पूर्ण प्रतिभूति राशि (रु0 200/–) जब्त कर ली जायेगी । एक उत्तरीय का प्रयोग शुल्क रु0 50/– होगा।
5. दीक्षान्त समारोह में स्वयं उपाधि धारक को ही उपाधि प्राप्त करने हेतु उपस्थित होना होगा। अन्य किसी को उपाधि प्रदान नहीं की जायेगी । उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त सम्बन्धित का दीक्षान्त समारोह स्थल पर उपस्थित रहना अनिवार्य है।
6. दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने की अपनी सहमति से अधोहस्ताक्षरी को विलम्बतम दिनांक 16.10.2017 तक अवगत करा दें । अन्यथा की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आप दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित नही हो रहें है ।

संलग्नकः– अनुज्ञा–पत्र ।

(रामचन्द्र अवस्थी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सम्मानित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त सूचना को छात्रहित में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें ।
2. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें ।
3. सम्बन्धित विभाग के निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी, सी.एस.जे.एम.यू., कानपुर ।
4. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव ।
5. **उपकुलसचिव (लेखा) को इस आशय से प्रेषित कि उत्तरीय शुल्क जमा कराने हेतु उपरोक्त तिथियों में अलग से काउन्टर की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।**
6. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
7. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक ।
8. प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ।
9. कार्यालय अधीक्षक (प्रशा. एवं उपाधि) ।

(उमानाथ)
उपकुलसचिव (प्रशा0)